ई-न्यूज
# लाईव राजस्थान
आप की आवाज़

"शिक्षा सबसे शक्तिशाली माध्यम है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते है"

input.liverajasthan@gmail.com

उदयपुर शनिवार 16 दिसम्बर 2023

वर्ष 1 अंक 46 पेज-4

# लोकसभा में घुसपैठ का छठा आरोपी पकड़ाया, आत्मदाह करने की थी मंशा





**लाईव राजस्थान**

लाइव राजस्थान. नई दिल्ली। लोकसभा में घुसपैठ मामले में शनिवार 16 दिसंबर को एक और आरोपी महेश कुमावत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जहां से उसे 7 दिन के लिए पुलिस हिरासत में सौंप दिया गया। मामले में अब तक छह लोग पकड़े गए हैं। 13 दिसंबर को 4 आरोपी पकड़े गए थे। ललित झा ने 14 दिसंबर को सरेंडर किया था। मामले में विकी शर्मा और उसकी पत्नी राखी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। विकी के गुड़गांव स्थित घर पर ही चार आरोपी रुके थे। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि यह घटना बेरोजगारी और महंगाई की वजह से हुई है। उधर, दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा की

## राहुल बोले- मोदी की योजनाओं के चलते युवा बेरोजगार

दर्शक दीर्घा से कूदने वाले सागर शर्मा और मनोरंजन एक या दो नहीं, बल्कि 7 स्मोक केन (धुआं फैलाने वाला उपकरण) लेकर गए थे। पुलिस की तरफ से ये भी बताया गया है कि आरोपियों ने संसद के आसपास के इलाके की गूगल के जरिए रेकी की थी। वे लोग कई चीजों से वाकिफ थे। यही नहीं, संसद का सिक्योरिटी अरेंजमेंट पता करने के लिए उन्होंने पुराने वीडियोज भी देखे थे। आरोपियों की संसद के बाहर आत्मदाह करने की भी प्लानिंग थी। इधर, राहुल गांधी से संसद में सुरक्षा चूक पर सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा- सिक्योरिटी ब्रीच (सुरक्षा में चूक) है, वो तो है, लेकिन ये क्यों हुई? देश में इस समय जो सबसे बड़ा मुद्दा है, वो बेरोजगारी है। मोदी जी की पॉलिसीज के कारण देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। सिक्योरिटी ब्रीच जरूर हुई है, लेकिन इसका सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी और महंगाई है।

### आरोपियों ने अपनी तरफ से पूरी तैयारी की थी

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने ये तरीका भी सर्च किया था कि आपस में ऐसे कौन से तरीके से चैट की जा सकती है, जिसे पुलिस ना पकड़ पाए। सभी आरोपी आपस में बात करने के लिए सिग्नल ऐप का इस्तेमाल करते थे, ताकि वे किसी की गिरफ्त में ना आएं। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने ये भी बताया कि आरोपियों का सबसे बड़ा मकसद मीडिया में चर्चित होना था, इसलिए सत्र के दौरान संसद में प्रवेश की योजना तैयार की गई।

### आत्मदाह का भी प्लान था, बाद में बदला

जांच से जुड़े दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी को बताया, आरोपियों ने संसद में कूदने से पहले कुछ दूसरे प्लान भी बनाए थे। एक आरोपी ने संसद के बाहर आत्मदाह करने के बारे में सोचा था। बाद में मन बदल दिया। यही नहीं, आरोपियों ने संसद के अंदर पर्चे बांटने पर भी विचार किया था। संसद के अंदर सीन रिक्रिएट कर सकती है पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने इस मामले में कर्नाटक से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा का बयान दर्ज करने की भी योजना बनाई है। शुक्रवार 15 दिसंबर की देर रात इन्वेस्टिगेशन टीम आरोपियों को उन स्थानों पर ले गई, जहां वे मिले थे और उल्लंघन की साजिश रची थी। उधर, सीन रिक्रिएट करने के लिए पुलिस संसद की अनुमति भी मांग सकती है।

# सिखों में दुल्हन के लिए ड्रेस कोड तय

## गुरुद्वारे में लावां-फेरे के वक्त लहंगा-घाघरा पहनने पर रोक, मैरिज कार्ड में नाम में सिंह-कौर जरूरी



**लाईव राजस्थान**

लाइव राजस्थान. अमृतसर। सिखों के पांचों तख्तों के जत्थेदारों ने नांदेड़ में मीटिंग के बाद यह आदेश दिए। जिन्हें सख्ती से लागू करने को कहा गया है। जो पालन नहीं करेगा, उनके खिलाफ कार्रवाई भी होगी। सिख धर्म में गुरुद्वारा साहिब में आनंद कारज के दौरान दुल्हन के लिए ड्रेस कोड तय कर दिया गया है। सिखों के 5 तख्तों के जत्थेदारों की तख्त श्री हजूर साहिब में मीटिंग के दौरान इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया। जिसके बाद सिख धर्म को सख्ती से अमल करने को भी कहा है। अगर, इनका पालन सही से नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन निर्देशों में कहा गया है कि दुल्हन लावां-फेरे के दौरान भारी लहंगे न पहने। सिर्फ कमीज-सलवार व सिर पर चुन्नी पहने। देखने में आया है कि लावों के समय लड़कियां महंगे व फैशनेबल लहंगे और घाघरे पहनकर गुरुद्वारों में आती हैं। वे कपड़े इतने भारी होते हैं कि दुल्हन के लिए उन्हें पहनकर चलना, उठना-बैठना और गुरु महाराज के सामने नतमस्तक होना भी मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा शादी के कार्ड में दूल्हा-दुल्हन के नाम के आगे सिंह-कौर लगाना जरूरी है।

### सिर पर चुन्नी की छाया करने पर भी रोक

मीटिंग के दौरान सिंह साहिबों ने कहा कि आनंद कारज के दौरान दुल्हन पर चुन्नी या फूलों की छाया करने का प्रचलन शुरू हो चुका है, जो ठीक नहीं है। रिश्तेदार गुरु ग्रंथ साहिब के आगे तक दुल्हन पर चुन्नी व फूलों की छाया कर के लाते हैं। ऐसे में अब लावां-फेरे के दौरान गुरुद्वारों में फूलों या चुन्नी की छाया कर लाने पर रोक लगा दी गई है।



### कार्ड के अंदर-बाहर सिंह-कौर लिखना होगा


सिंह साहिबों ने बताया कि आज कल आनंद कारज के निमंत्रण कार्डों पर लड़के व लड़की के नाम के आगे सिंह व कौर नहीं लिखा जाता है। ये भी ठीक नहीं है। इसे देखते हुए अब कार्ड के बाहर व अंदर दोनों जगह दुल्हन व दूल्हे के नाम के आगे कौर व सिंह का लिखना अनिवार्य होगा।

### बीच या रिजॉर्ट में श्री गुरु ग्रंथ साहिब ले जाने पर भी रोक

इसके अलावा सिख मर्यादा के साथ नहीं हो रही शादी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के ले जाने पर रोक लगाई जा चुकी है। दरअसल, श्री अकाल तख्त साहिब के ध्यान में आया था कि आज कल डेस्टिनेशन वेडिंग्स का प्रचलन बढ़ गया है। जिसके चलते कुछ लोग श्री गुरु ग्रंथ साहिब को समुद्र किनारे या रिजॉर्ट में ले जाकर प्रकाश करते हैं और लावां-फेरे लेते हैं। तब भी सिंह साहिबों ने ऐसे शादी के दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब के ले जाने पर रोक लगाई थी।




# केंद्रीय कानून मंत्री ने जयपुर एयरपोर्ट पर यह भजन गुनगुनाया तो हो गए सुपरहिट...



**लाईव राजस्थान**

खुश होकर जगद्गुरू रामभद्राचार्य महाराज ने गले लगाया, सब हो गए भाव विभोर......

सार्थक समय न्यूज.जयपुर। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का जयपुर एयरपोर्ट का एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मेघवाल जगद्गुरू रामभद्राचार्य महाराज को भजन गाकर सुना रहे हैं। अर्जुन मेघवाल ने खुद अपने ट्विटर अकाउंट पर इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा- प्रभु मेरे अवगुण चित ना धरोय समदर्शी प्रभु नाम तिहारो, चाहो तो पार करो। यानी हे ईश्वर हे मेरे आराध्य देव मेरी कमजोरियों पर मेरे अवगुणों पर ध्यान न दें, उन्हें उन पर विचार न करें चित्त में प्रवेश न दें। श्रीगुरू चरणों में सादर प्रणाम। यह वीडियो 2 मिनट 58 का है।



# कुवैत के अमीर का निधन:86 साल के थे शेख नवाफ अल अहमद अल जाबेर; भारत से करीबी रिश्ते रहे



लाईव राजस्थान

कुवैत सिटी. शेख नवाफ पिछले महीने से ही हॉस्पिटल में थे और उनकी हालत गंभीर थी। हालांकि, रॉयल फैमिली ने कभी इसके बारे में सार्वजनिक तौर पर कोई जानकारी कभी नहीं दी। कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल अहमद अल जाबेर अल सबाह का 86 साल की उम्र में निधन हो गया है। रॉयल कोर्ट की तरफ से जारी बयान में कहा गया- हम बड़े दुख के साथ शेख के निधन की जानकारी दे रहे हैं। सरकारी टीवी पर भी शेख के निधन की जानकारी दी गई है। शेख ने सितंबर 2020 में सत्ता संभाली थी। पिछले महीने अमीर को सांस लेने में दिक्कत के बाद हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। शेख नवाफ ने अपने बड़े भाई और पूर्व अमीर शेख सबाह की तरह भारत से बहुत मजबूत रिश्ते रखे। शनिवार को जैसे ही शेख के निधन की खबर आई। देश के तमाम टीवी चैनलों पर एंटरटेनमेंट प्रोग्राम अचानक बंद कर दिए गए। इसके बाद शोक संदेश दिखाए गए। शेख नवाफ नवंबर से ही काफी बीमार चल रहे थे। हालांकि, उनकी सेहत से जुड़ी कोई जानकारी सार्वजनिक रूप से कभी नहीं दी गई। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि शेख नवाफ को इलाज के लिए अमेरिका ले जाया गया है। मार्च 2021 में भी वो इलाज के लिए अमेरिका गए थे। कहा जाता है कि इराक और सऊदी अरब की इंटेलिजेंस एजेंसियां उनकी सेहत पर पैनी नजर रख रही थीं। इसकी वजह यह बताई जाती है कि रॉयल फैमिली में सत्ता को लेकर अंदरूनी खींचतान चल रही थी।

यह तस्वीर कुवैत में इंडियन एम्बेसी ने 2018 में जारी की थी। उस वक्त की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज कुवैत दौरे पर गई थीं। इसके बाद भारत और कुवैत के बीच रिश्ते काफी मजबूत हुए और कुवैत ने अपने यहां रहने वाले भारतीयों को कई सुविधाएं दीं। यह तस्वीर कुवैत में इंडियन एम्बेसी ने 2018 में जारी की थी। उस वक्त की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज कुवैत दौरे पर गई थीं। इसके बाद भारत और कुवैत के बीच रिश्ते काफी मजबूत हुए और कुवैत ने अपने यहां रहने वाले भारतीयों को कई सुविधाएं दीं। अमीर बनने से पहले नवाफ होम और डिफेंस मिनिस्ट्री संभाल चुके थे। कुछ खबरों के मुताबिक- रॉयल फैमिली के कुछ लोग 2020 में उन्हें अमीर बनाए जाने के फेवर में नहीं थे, क्योंकि उस वक्त उनकी उम्र 83 साल थी और वो बहुत सेहतमंद भी नहीं थे। हालांकि, कुवैत की 42 लाख की आबादी के बीच वो शुरू से काफी लोकप्रिय थे। माना जाता है कि शेख नवाफ 83 साल की उम्र में क्राउन प्रिंस बनने वाले दुनिया के पहले अमीर थे। दूसरे शब्दों में कहें तो क्राउन प्रिंस बनने वाले दुनिया के वो सबसे उम्रदराज शख्स थे। ऑयल रिजर्व के लिहाज से कुवैत दुनिया का छठवां सबसे बड़ा देश है। 1991 के गल्फ वॉर के बाद से उसे अमेरिका का सबसे बड़ा ऑयल और डिफेंस पार्टनर माना जाता है। इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन को सत्ता से हटाने में कुवैत की रॉयल फैमिली का बड़ा रोल था। कुवैत में इस वक्त 13 हजार 500 अमेरिकी सैनिक हैं। अमेरिकी मिलिट्री का एक बेस भी यहां है।


# साइना नेहवाल ने पॉलिटिक्स में जताई दिलचस्पी:कहा- मौका मिला तो सेवा के लिए जरूर जाना चाहूंगी; बोलीं- स्ट्रेस नेचुरल है मैं भी कई बार हारी हूं




लाईव राजस्थान

कोटा. बैडमिंटन स्टार पद्मश्री साइना नेहवाल ने कहा- राजनीति बहुत बड़ा और अलग फील्ड है। उसमें जाने से पहले उसके बारे में बहुत कुछ सीखना पड़ेगा, समझना पड़ेगा। अभी मेरे लिए मेरा खेल पहले है। लेकिन, पॉलिटिक्स में मेरा इंटरेस्ट है तो उसे समझने और सीखने के बाद जरूर शुरुआत करूंगी। उन्होंने कहा- खिलाड़ियों की सेवा के लिए पॉलिटिक्स में शुरुआत करना चाहूंगी। वे शनिवार को कोटा में थी और एक निजी इंस्टीट्यूट की अवॉर्ड सेरेमनी में शामिल हुईं। उन्होंने यहां स्पोर्ट्स और पॉलिटिक्स को लेकर मीडिया के सवालों के जवाब दिए। पॉलिटिक्स में आने की जताई संभावना साइना नेहवाल ने कहा- राजनीति में आने का अवसर मिला तो जरूर आऊंगी। पॉलिटिक्स बहुत बड़ा फील्ड है और इसके लिए मुझे बहुत कुछ सीखना बाकी है। जितना समय खेल को, मेरी प्रैक्टिस को देती हूं, उतना ही समय राजनीति को देना पड़ेगा। उन्होंने वर्तमान पॉलिटिक्स को लेकर कहा कि अच्छा लगता है जब देश आगे बढ़ता है। कंट्री डेवलप हो रही है। वर्ल्ड में कहीं भी खेलने जाते हैं तो देश के लिए अच्छी बात सुनने को मिलती है लोग कहते हैं कि भारत अच्छा कर रहा है। यह सुनकर अच्छा लगता है और यही आशा करती हूं कि देश इसी तरह तरक्की करता रहे। उन्होंने पॉलिटिकल करियर से जुड़े सवाल पर कहा कि अगर मौका मिलेगा तो राजनीति में जाकर खिलाड़ियों के लिए काम करना चाहूंगी। बता दें कि साइना नेहवाल ने जनवरी 2020 में बीजेपी जॉइन की थी। उन्हें भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने पार्टी की सदस्यता दिलाई थी।

# ट्रोले ने बाइक सवार युवक को कुचला, दर्दनाक मौत



लाईव राजस्थान

लाइव राजस्थान. बांसवाड़ा। बांसवाड़ा शहर से 20 किमी दूर रतलाम रोड ट्रोले और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। ट्रोला युवक के ऊपर से निकल गया, जिससे मांस निकलकर बिखर गया। टक्कर के बाद ट्रोला चालक भाग गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एमजी हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखवाया है। पाड़ला चैकी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल विशाल ने बताया कि युवक की पहचान कोतवाली क्षेत्र के सिंघपुरा निवासी सुनील (25) पुत्र हुरिया के रूप में हुई है। शुक्रवार रात करीब सात बजे के आस-पास ट्रोले और बाइक की टक्कर की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे तो दोनों क्षतिग्रस्त वाहन और युवक सड़क पर पड़ा था। हादसे के बाद चालक ट्रोला छोड़कर भाग गया। ट्रोले और क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त किया गया है। शव को मॉच्यूरी में रखवाया गया।

# श्रीसांवलिया के भंडार से फिर धनवर्षा, 17.19 करोड़ रुपए निकले

## 57 किलो से ज्यादा चांदी का चढ़ावा



लाईव राजस्थान

लाइव राजस्थान, मंडफिया। श्रीसांवलिया जी के मंदिर में भंडार से एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ धन वर्षा हुई है। भंडार से17.19 करोड़ से ज्यादा रुपए निकले है। चार राउंड में रुपयों की गिनती की गई। इसमें भंडार, ऑनलाइन और मनी ऑर्डर से मिले चढ़ावे की राशि शामिल है। इसके अलावा 659 ग्राम सोना और 57.095 किलो चांदी भी प्राप्त हुई। मंडफिया स्थित श्रीसांवलिया जी मंदिर मंडल के सदस्य संजय मंडोवरा ने बताया कि इस बार दो महीने के बाद भंडार खोला गया था। दो महीने के भंडार से पहली बार रिकॉर्ड तोड़ 17 करोड़ 19 लाख 31 हजार 800 रुपए मिले। इससे पहले दो महीनों में लगभग साढ़े 12 करोड़ रुपए मिले थे। शुक्रवार को आखिरी चैथे राउंड की गिनती हुई थी, जिसमें 17 लाख 92 हजार 800 की काउंटिंग की गई। इसके अलावा ऑनलाइन, भेंट कक्ष में जमा राशि 3 करोड़ 22 लाख रुपए मिले।

### 40 किलो से ज्यादा की चांदी मिली

मंडोवरा ने बताया कि पहले राउंड में 6 करोड़ 77 लाख 46 हजार, दूसरे राउंड में 5 करोड़ 58 लाख 30 हजार रुपए, तीसरे राउंड में 1 करोड़ 32 लाख 63 हजार रुपयों की गिनती हुई थी। अब कुल मिलाकर 17 करोड़ 19 लाख 31 हजार 800 रुपए हो गए। वहीं, भंडार से 552 ग्राम सोना और 16 किलो 670 ग्राम चांदी मिली। जबकि मंदिर के ऑफिस से 107 ग्राम सोना और 40 किलो 425 ग्राम 900 मिलीग्राम चांदी मिली।









17-Tehsil Girwa, Revenue Village, Savina Kheda, Udaipur (Raj.)

# ग्रेट सेपरेटर चौराहा फिर बना काल, बेकाबू ट्रेलर ने बाइक सवार को चपेट में लिया



लाईव राजस्थान

लाइव राजस्थानत्र उदयपुर। उदयपुर-चित्तौड़गढ़ हाईवे पर देबारी ग्रेटर सेपरेट चैराहा एक बार फिर बाइक सवार के लिए काल बन गया व यहां ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचल दिया। पुलिस के अनुसार अहमदाबाद हाईवे की तरफ से आाया एक ट्रेलर बेकाबू हो गया और उसने वहां से गुजर रहे बाइक सवार को चपेट में ले लिया। चालक टायर के नीचे आ गया। इस दौरान लोगों क भारी भीड़ जमा हो गई व आक्रोष जताया। प्रतापनगर पुलिस मौके पर आई और जेसीबी बुलवा कर शव को निकालवाया। पुलिस के अनुसार हादसे में साकरोदा क्षेत्र के टांक निवासी 17 साल के जगदीश पुत्र सवा भील की मौत हो गई। जगदीश उदयपुर से अपने गांव जा रहा था और अचानक ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया। ट्रेलर ऐसा बाइक सवार को चपेट में लेते हुए डिवाइडर पर चढ़ गया।

# आग का गोला बन गई कार, बाल-बाल बचे 2 युवक



लाईव राजस्थान

लाइव राजस्थान. उदयपुर। शहर के आस-पास एक बार फिर से चलती कार में आग लगने की धटना सामने आई। गनीमत यह रही कि किसी की जान नहीं गई। पुलिस के अनुसार उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे पर खेरवाड़ा के समीपएक कार बेकाबू होकर पलट गई। इसके बाद कार में भीषण आग लगी व देखते ही देखते मिनटों में कार जलकर राख हो गई। इस कार में 2 युवक सवार थे जिन्होंने समय रहते कार से बाहर आकर अपनी जान बचा ली। घटना बंजारिया स्थित एनएच 48 की है जहां पर शुक्रवार रात करीब 9 बजे अहमदाबाद से उदयपुर की ओर आ रही कार बेकाबू होकर पलटी खा गई। इस कार के पलटते ही आग लग गई। खेरवाड़ा पुलिस ने दोनों युवकों को खेरवाड़ा सीएचसी पहुंचाया। हादसे के दौरान हाईवे पर जाम लग गया। हाइवे पर दमकल के इंतजाम नहीं होने की लापरवाही भी सामने आई है। इस बारे में लोगों का कहना था कि दमकल होती तो हादसे पर समय रहते काबू पाया जा सकता था।

# लोकसभा चुनाव के लिए वोटर लिस्ट में नाम जुड़ने शुरू



लाईव राजस्थान

लाइव राजस्थान. उदयपुर। निर्वाचन विभाग ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का काम आरंभ कर दिया है। विभाग के अनुसार वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने और संशोधन करने का अभियान 6 जनवरी से शुरू किया जा रहा है। 1 जनवरी 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों की जांच के बाद 8 फरवरी 2024 को वोटर सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उदयपुर के उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम (प्रशासन) शैलेष सुराणा ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन का काम शुरू हो रहा है। इसके तहत एक जनवरी 2024 को 18 साल पूरे होने वाले युवा अपना नाम जुड़वा सकते हैं। नए मतदाता को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए निर्वाचन विभाग का प्रपत्र-6, नाम हटवाने और संशोधन के लिए प्रपत्र 7 और 8 में आवेदन करना होगा। जो व्यक्ति एक अप्रैल, एक जुलाई, 1 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष पूरे करने वाले है, वह भी नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम आवेदन कर सकते है। 18 की उम्र को लेकर यह तारीखें तय निर्वाचन विभाग ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए साल में 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और एक अक्टूबर की तारीख तय कर रखी है। एक जनवरी, 2024 की अर्हता के संदर्भ में एकीकृत फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी, 2024 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां 6 जनवरी से 22 जनवरी, 2024 तक प्राप्त की जाएंगी। 6 फरवरी, 2024 तक मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति लेकर डेटाबेस को तैयार कर पूरक वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी, 2024 को किया जाएगा।

# अब जन्मतिथि के लिए ऑथेंटिक नहीं रहा आधार

## बनवाना होगा बर्थ सर्टिफिकेट, कुछ लोगों के फर्जीवाडे की सजा पूरी जनता को आखिर क्यों




लाईव राजस्थान

लाइव राजस्थान. उदयपुर। आधार में बदलाव के दौर लगातार जारी है। पहले कहा गया था कि आधार केवल एक पहचान का दस्तावेज होगा मगर जब से इसमें खामियां सामने आई हैं, इसका महत्व भी धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। अब आधार में अंकित जन्म दिनांक को ऑथेंटिक नहीं माना जाएगा। किसी दस्तावेजों में जन्म तिथि के लिए अब आधार कार्ड पर लिखी जन्म तिथि मान्य नहीं होगी। संबंधित दस्तावेज के साथ अब जन्म प्रमाण पत्र पेश करना जरूरी होगा, तभी संबंधित दस्तावेज, आवेदन मान्य होगा। यह नई व्यवस्था इसी माह से लागू हो गई है। इसे भारतीय विशिष्ट पहचान पत्र (यूआईएडीआई) ने शुरू किया है। सरकार ने यह कदम आधार में जन्म दिनांक में संशोधन कराकर तारीख, महीना, वर्ष बदलकर होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने के लिए उठाया हैं। नए नियम के साथ ही अब स्कूल कॉलेज में एडमिशन हो या पासपोर्ट बनवाना सभी जगह आधार सिर्फ पहचान दस्तावेज के रूप में काम आएगा। जन्म दिनांक सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। गौरतलब है कि 28 जनवरी 2009 को आधार प्रोजेक्ट लॉन्च हुआ था। उसके बाद से ही आधार कार्ड को विशिष्ट पहचान पत्र मानते हुए सभी सुविधाएं आधार कार्ड से जोड़ दी गईं। इसे जन्म तिथि के लिए मान्य माना जाता था। कई लोग आधार कार्ड में नाम परिवर्तन, जन्म तिथि संशोधन की सुविधा के चलते फर्जीवाड़ा कर इसका दुरुपयोग कर थे। इस गड़बड़ी की शिकायत आने पर केंद्र सरकार ने यह बदलाव किया हैं। इस बदलाव से अब आधार कार्ड में नाम परिवर्तन, जन्म तिथि संशोधन की सुविधा का दुरुपयोग नहीं होगा। क्योंकि अब इसे जन्म तिथि के लिए काम नहीं लिया जाएगा।

# समुद्री लुटेरों से माल्टा का जहाज बचा रही भारतीय नौसेना

## अरब सागर में युद्धपोत भेजाय शिप हाइजैक कर सोमालिया ले जा रहे पायरेट्स



लाईव राजस्थान

लाइव राजस्थान, ब्यूरो भारत। भारतीय नौसेना अरब सागर में समुद्री लुटेरों से माल्टा के एक जहाज को रेस्क्यू कर रही है। 14 दिसंबर को नौसेना को एक अलर्ट मिला था। जिसके बाद नौसेना ने अपना एक युद्धपोत अदन की खाड़ी में हाइजैक हुए जहाज डट रुएन की मदद के लिए भेजा। द मैरीटाइम एग्जीक्यूटिव की रिपोर्ट के मुताबिक हाइजैक हुआ जहाज कोरिया से तुर्किये की तरफ जा रहा था। तभी सोमालिया के समुद्री लुटेरों ने उस पर हमला कर दिया। जहाज से जब आखिरी बारी कॉन्टेक्ट हुआ, तब वो अरब सागर में सोकोट्रा आइलैंड से यमन की तरफ 380 नॉटिकल मील की दूरी पर था। नौसेना को न्डडज्ञ् पोर्टल पर मैसेज मिला था कि 6 अनजान लोग उनकी शिप पर आ गए हैं। इसके बाद सर्विलांस के लिए नौसेना ने अपने एक विमान को भी अदन की खाड़ी में डट रुएन को लोकेट करने के काम पर लगा दिया। हाइजैक हुए जहाज पर 18 लोग मौजूद हैं। 2017 के बाद हाइजैक का बड़ा मामला भारतीय नौसेना के विमान ने आज भी पूरे इलाके का हवाई सर्वे कर हालातों का जायजा लिया है। नौसेना की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक समुद्री लुटेरे हाइजैक किए जहाज को सोमालिया की तरफ ले जा रहे हैं। यूरोपियन यूनियन और स्पेन ने भी जहाज को बचाने के लिए अपनी नेवल फोर्स को काम पर लगाया है। 2017 के बाद ये अरब सागर में जहाज हाइजैक होने का सबसे बड़ा मामला है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केन्या के राष्ट्रपति के साथ समुद्री सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। भारत दूसरे देशों के साथ मिलकर समय-समय पर अरब सागर और हिंद महासागर में एंटी पायरेसी ऑपरेशन भी चलाता रहा है। फिलहाल ब्रिटेन ने इस इलाके से गुजरने वाले जहाजों को सतर्क करने के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। जहाज के ऑपरेटरों को कहा है कि कुछ भी संदिग्ध लगने पर तुरंत कंट्रोल रूम से संपर्क करें। 1990केबादसोमालियामेंबढ़ेसमुद्रीलुटेरे सोमालिया वो मुल्क है जिसके समुद्र में बड़ी तादाद में मछलियां मौजूद हैं। 1990 तक इसकी अर्थव्यवस्था मछलियों से ही चलती थी। तब यहां समुद्री लुटेरों का कोई डर नहीं था। अधिकतर लोग मछली का व्यापार करते थे। फिर यहां सिविल वॉर शुरू हो गई। सरकार और नौसेना नहीं रही। इसका फायदा विदेशी कंपनियों ने उठाया। सोमालिया के लोग छोटी नावों में मछली पकड़ते थे। उनके सामने विदेशी कंपनियों के बड़े-बड़े ट्रॉलर आकर खड़े हो गए। लोगों का रोजगार छिनने लगा। इससे परेशान होकर 1990 के बाद इस देश के लोगों ने हथियार उठा लिए और समुद्री लुटेरे बन गए। समुद्री मालवाहक जहाजों का एक बड़ा जखीरा सोमालिया कोस्ट के पास से होकर गुजरता था। मछुआरे से लुटेरे बने लोगों ने इन जहाजों को निशाना बनाना शुरू किया। जहाज छोड़ने के बदले वो फिरौती लेने लगे। साल 2005 तक ये धंधा इतना बड़ा हो गया कि एक पाइरेट स्टॉक एक्सचेंज बना दिया गया। यानी लुटेरों के अभियान को फंड करने के लिए लोग उनमें इन्वेस्ट कर सकते थे। बदले में लोगों को लूटी हुई रकम का एक बड़ा हिस्सा मिलता। जहाजों ने हिंद महासागर का रास्ता छोड़ा जर्मन मीडिया हाउस की रिपोर्ट के मुताबिक 2009-10 में समुद्री लुटेरों ने जहाजों को हाइजैक कर कुल साढ़े 42 करोड़ डॉलर की फिरौती कमाई थी।

# राजस्थान के कुछ जिलों में बारिश का अलर्ट:क्रिसमस से पड़ सकती है कड़ाके की सर्दी; खेतों में जमी बर्फ की परत



लाईव राजस्थान

जयपुर . राजस्थान के कई जिलों में बारिश होने की संभावना है। एक सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस राजस्थान में एक्टिव होगा, जिससे उत्तर-पश्चिम राजस्थान में मौसम बदल सकता है। इस सिस्टम के हटने के बाद क्रिसमस के मौके पर 26-27 दिसंबर से राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ने की उम्मीद है। आज मौसम की स्थिति देखें तो अधिकांश जगहों पर सुबह से मौसम शुष्क है। धूप निकली है। हिल स्टेशन माउंट आबू में आज न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दो दिन पहले यहां तापमान शून्य पर था, जिसके कारण यहां की वादियों में हल्की बर्फ की परत जमी हुई थी। राजधानी जयपुर में आज तापमान कल के मुकाबले एक डिग्री सेल्सियस बढ़कर 11 पर आ गया। यहां सुबह-शाम तेज सर्दी रहती है, जबकि दिन में तेज धूप रहने से लोगों को राहत मिलती है। यहां दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राज्य के अन्य शहरों में आज न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस तक का उतार-चढ़ाव देखा गया। माउंट आबू के बाद दूसरा सबसे ठंडा इलाका सीकर का फतेहपुर और हनुमानगढ़ एरिया रहा। फतेहपुर में आज न्यूनतम तापमान 5.9, जबकि हनुमानगढ़ में 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, जोधपुर में आज न्यूनतम तापमान 10.6, जबकि बीकानेर, पाली में 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे कम सर्दी डूंगरपुर में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

# स्कॉर्पियो में आए बदमाश, रॉयल्टी दिए बिना ओवरलोडेड डंपर लेकर भागे

## बजरी माफियाओं का दुस्साहस, नाकाकर्मियों पर किया हमला

**लाईव राजस्थान**

लाइव राजस्थान. चित्तौड़गढ़। एक बार फिर बजरी माफियाओं की ओर से रॉयल्टी न देना और दबंगई दिखाने का मामला सामने आया है। माफियाओं ने नाकाकर्मियों ने रोका तो हमला कर भर गए। मामला सदर थाना क्षेत्र का है। शिवा कार्पोरेशन रॉयल्टी नाका के ठेकेदार मेठवा, तारानगर, चूरू निवासी जितेंद्र सिंह (28) पुत्र महावीर सिंह ने सदर थाने में एक रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया कि शनिवार सुबह 8 बजे से नाके पर अर्जुन, साहिल, बुधराम, राकेश और आशीष ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान 9.30 बजे के करीब दो डंपर आया, जिनके नंबर प्लेट पर रंग कर रखा था। दोनों डंपरों को रोका तो टोल देने से मना कर दिया। दोनों ही डंपर ओवरलोडेड थे। रॉयल्टी चुकाने की बात की गई तो दोनों के ड्राइवर नाका तोड़ते हुए भाग निकले। नाकाकर्मियों ने पीछा किया। इस दौरान दो स्कॉर्पियो गाड़ी नाकाकर्मियों की गाड़ी के सामने आकर खड़ी हो गई। स्कॉर्पियो में सवार माफियाओं ने पथराव शुरू कर दिया। सामने आया है कि भीलवाड़ा निवासी कालू यादव नाम का एक व्यक्ति और उसके दोस्तों ने नाका कर्मियों पर हमला किया। पथराव करने से नाकाकर्मियों की गाड़ी का कांच टूट गया, जिससे उनका ड्राइवर घायल हो गया। सभी कर्मचारियों ने तुरंत इसकी जानकारी सदर थाना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस पहुंचती, उससे पहले बजरी माफिया मौके से भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी।

# भीलवाड़ा में बेटी 20 लाख में बेचने का आरोप

## नाबालिग बोली- माता-पिता ने 20 लाख में सौदा किया, पहले भी बेच चुके

**लाईव राजस्थान**

लाइव राजस्थान. भीलवाड़ा। भीलवाड़ा में एक बार फिर बेटी को बेचने का मामला सामने आया है। नाबालिग किशोरी ने अपने ही माता-पिता के खिलाफ उसका 20 लाख में सौदा करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस से अपनी सुरक्षा की गुहार भी लगाई है।पुलिस को दी रिपोर्ट में किशोरी ने बताया कि मेरे माता-पिता मुझे वेश्यावृत्ति के लिए 15 से 20 लाख रुपए में ग्वालियर बेचना चाहते है। पहले भी उसे डबलाना में बेच दिया था, जहां से मुश्किल से बचकर निकली थी। अब माता-पिता वापस उसका सौदा करना चाहते है। किशोरी ने बताया कि वह शादी करके अपना घर बसाना चाहती है। अपने माता-पिता के खिलाफ अपनी सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है। पखंड क्षेत्र में पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके है। देह व्यापार के लिए स्टांप पर युवतियों का सौदा भी यहां किया जा चुका है ।

# सीवर लाइन के लिए खोदी सड़क में धंसे 2 बसों के टायर

## सभी बच्चे सुरक्षित, आरयूआईडीपी की लापरवाही से हादसा




**लाईव राजस्थान**

लाइव राजस्थान. डूंगरपुर। डूंगरपुर में आरयूआईडीपी की ओर से शुरू किया गया सीवरेज कार्य के लिए खोदी गई सड़क धंसने से शास्त्री कॉलोनी में 2 स्कूल बस धंस गए। बस में बैठे बच्चों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। बाद में उन्हें दूसरे वाहन से स्कूल भेजा गया, लेकिन सीवरेज लाइन खोदने के बाद उसकी फीलिंग में बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। डूंगरपुर शहर में चल रहा सीवरेज का कार्य शहरवासियों के लिए परेशानी का बड़ा कारण बन गया है। पिछले 6 महीने से ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा शहर की शास्त्री कॉलोनी के निवासी भुगत रहे हैं। पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों को ठीक नहीं करने से आए दिन वाहन ड्राइवर हादसों का शिकार हो रहे हैं। शनिवार सुबह के समय बच्चों से भरी सैफियाह स्कूल और राज नोबल्स स्कूल की बस हादसे का शिकार हो गई। गनीमत रही कि बच्चों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। दरअसल ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन डालने के बाद गड्ढे को मिट्टी से नहीं ढंका गया है। जिसमें बसों के टायर धंस गए। इससे बस एकतरफा झुक गई। बस के झुकते ही कॉलोनी के लोग इकट्ठे हो गए। वहीं बस में बैठे बच्चे भी घबरा गए, लेकिन लोगों ने सभी बच्चों को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद स्कूल प्रबंधन ने दूसरी गाड़ी लेकर बच्चों को स्कूल भेजा गया। बाद में क्रेन की मदद से बसों को निकाला गया। घटना के बाद शास्त्री कॉलोनी के लोगों ने आरयूआईडीपी के ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश जताया। लोगों ने कहा कि सड़कें खोदने के बाद ठीक नहीं की जा रही हैं। खोदी गई सड़कों को मामूली मिट्टी डालकर ही भरा जा रहा है। जिससे गाड़ियां गुजरते ही सड़कें धंस रही हैं। पूरे शहर में सड़कों के ऐसे हाल से लोग परेशान हैं। जगह-जगह पानी की पाइप लाइन टूट जाने से पानी की सप्लाई भी नहीं हो पा रही है। मिट्टी नालियों में भर जाने से नालियों का पानी घरों में आ रहा है।

# युवक ने रस्सी से फंदा बनाकर किया सुसाइड

## 2 दिन पहले गुजरात से लौटा था घर, ड्राइवरी का करता था काम



**लाईव राजस्थान**

डूंगरपुर. युवक ने अपने ही घर में फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। युवक 2 दिन पहले ही गुजरात से अपने घर आया था।चौरासी थाना क्षेत्र के भिंडा गांव में एक युवक ने अपने ही घर में फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। युवक 2 दिन पहले ही गुजरात से अपने घर आया था। युवक गुजरात में ड्राइवर था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। युवक की मौत के बाद उसके 3 बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। चौरासी थाना पुलिस के अनुसार भिंडा निवासी राकेश (35) पुत्र रामजी मनात गुजरात में ड्राइवर था। 2 दिन पहले ही वह गुजरात से घर आया था। शनिवार सुबह राकेश ने अपनी ही घर में रस्सी से फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। सूचना पर लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। परिजनों की सूचना पर चौरासी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए लोगों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतरवाया। शव को जिला अस्पताल की मॉर्चरी में रखवाया। सुसाइड के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के 3 बच्चे हैं। जिसकी मौत के बाद अब उनके सिर से पिता का साया उठ गया है।

